Setu
See education through us.
Books

NEP 2020

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.)
द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित

# हिन्दी





लेखकगणः
नीता शर्मा
एम.ए. (हिंदी)
मनोहर त्रिवाणी
एम.ए. (हिंदी)




## सहायक पुस्तिका
## 4

- शिक्षाप्रद-कहानियाँ
- शब्दार्थ
- मौखिक एवं लिखित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** सूरज | **रवि** | **भानू** | **भास्कर** |
| वृक्ष | **पेड़** | **तरू** | **विटप** |
| भ्रमर | **भौंरा** | **मधुप** | **द्विरेप** |
| फूल | **पुष्प** | **सुमन** | **कुसुम** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** नवल | **नया** | प्यार | **प्रेम** |
| उषा | **सुबह** | शाखा | **डाल** |
| प्रभात | **सुबह** | गुंजार | **गुनगुनाना** |
| विहार | **घूमना** | अनुपम | **अनोखा** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों को जोड़कर लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** परम | + | आत्मा | = | **परमात्मा** |
| उत्तर | + | अधिकारी | = | **उत्तराधिकारी** |
| शत | + | आब्दी | = | **शताब्दी** |
| शब्द् | + | अर्थ | = | **शब्दार्थ** |
| धर्म | + | आत्मा | = | **धर्मात्मा** |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों का अपने शब्दों में वाक्य प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**
1. नवल — **नवल** प्रभात ऊर्जा का विस्तार करता है।
2. सत्कार — प्रकृति प्रतिदिन फूलों का **सत्कार** करती है।
3. उषा — **उषा** रूपी सुबह प्रतिदिन प्रकट होती है।
4. अनुपम — प्रकृति की महिमा **अनुपम** है।

***आइए कुछ करें***

स्वयं कीजिए।

# 2 हीरा और कोयला

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** कोयले की खान से ही हीरे का जन्म हुआ है इसी कारण दोनों सगे भाई हैं।

2. हीरा अपनी उपयोगिता बताते हुए कहता है कि– मैं राजेश्वरी का शिरोमणि हूँ, देवताओं का मंजुल मुकुट सुशोभित करता हूँ। सुंदरियों का आभूषण बनता हूँ।

3. कोयला हीरे को दोष देते हुए कहता है कि– तू अपने कारण सम्राटों के सिर कटाता है, बड़े-बड़े राज्य तहसनहस कर डालता है। मनुष्य को इस धोखे में डालता है कि तुझे मुकुट पर लगाकर वह देवताओं को वश में कर सकता है।

**(ख) सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

**उत्तर– 1. ✗ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✗ 5. ✓**

**(ग) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए–**

**उत्तर–** 1. मैं देवताओं का मंजुल-मुकुट **सुशोभित** करता हूँ।

2. मैं जलकर गरीबों की भी **जरूरत** पूरी करता हूँ।

3. मैं **स्वतंत्रतापूर्वक** घूमना ही जीवन का आनंद समझता हूँ।

4. संसार शीघ्र ही सच्चे **आभूषण** अपनाएगा।

5. मैं बड़े-बड़े **राजकोषों** में कितनी सुरक्षा से रखा जाता हूँ।

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए–**

**उत्तर–** 1. कोयला  2. हीरा

3. कर्म से  4. भाई

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित मूलशब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| **शब्द** | | **प्रत्यय** | | **नया शब्द** |
|---|---|---|---|---|
| मनुष्य | + | ता | = | **मनुष्यता** |
| ईश्वर | + | ईय | = | **ईश्वरीय** |
| बड़ा | + | आई | = | **बड़ाई** |

**(ख) नीचे दिए शब्दों से और शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जन्म | – | **जन्मदिन** | **जन्मजात** | **जन्मभूमि** |
| देव | – | **देवता** | **देवात्मा** | **देवी** |
| खाना | – | **डाकखाना** | **दवाखाना** | **तोपखाना** |
| रूप | – | **रूपम** | **रूपहले** | **रूपक** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** अनुज | – | **अग्रज** | अच्छाई | – | **बुराई** |
| छोटा | – | **बड़ा** | गुण | – | **अवगुण** |
| दूर | – | **पास** | कृत्रिम | – | **प्रावृतिक** |
| देव | – | **दानव** | मौलिक | – | **अमौलिक** |

***आइए कुछ करें***

**1.** स्वयं कीजिए।

**2.** **कृत्रिम आभूषण और सच्चे आभूषण किन्हें कहा गया है?**

**उत्तर–** कृत्रिम आभूषण मानव द्वारा तैयार किए जाते हैं प्रकृति द्वारा दिए गए आभूषण ही सच्चे आभूषण होते हैं जैसे मीठी वाणी, उचित आचरण आदि।

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं कीजिए।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

# 3 सुनहरी मछली (रूसी कहानी)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** वृद्ध दंपत्ति गरीबी का जीवन व्यतीत कर रहे थे।

**2.** सुनहरी मछली ने वृद्ध से खुद को आजाद करने को कहा।

**3.** इस वाक्य का अर्थ यह है कि आपने स्वयं को मिले अवसर को अपनी बुद्धिहीनता से गँवा दिया।

**4.** बूढ़े ने सुनहरी मछली से पहली बार अपने लिए भोजन की व्यवस्था माँगी।

**5.** बूढ़े को अस्तबल में ले जाकर चालीस कोड़े लगाए।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** बूढ़े ने मछली पकड़ने के लिए पानी में जाल डाला तब सुनहरी मछली जाल में फँस गई।

**2.** भोजन और नए घर की व्यवस्था हो जाने पर बूढ़े की पत्नी के मन में खुद को सुंदर और धनाढ्य महिला बनने की इच्छा हुई। तब उसने बूढ़े से कहा कि मछली से कहो कि वह उसे एक कुलीन महिला में परिवर्तित कर दे।

3. जब से बुढ़िया को सुनहरी मछली द्वारा इच्छापूर्ति का पता चला तब से बुढ़िया प्रतिदिन मछली से नई-नई इच्छाओं की पूर्ति करवाती थी। बुढ़िया की इच्छाएँ धीरे-धीरे बढ़ती ही जा रही थीं तथा वह बहुत लालची भी हो गई थी।
4. जब बुढ़िया कुलीन स्त्री के रूप में परिवर्तित हो गई तब बूढ़े ने उससे कहा कि प्रिय पत्नी, अब तो खुश हो तुम। यह सुनते ही बुढ़िया की भौंहें तन गईं। अपने पति को अपशब्द कहते हुए उसने सेवकों को बूढ़े को चालीस कोड़े मारने का आदेश दिया।
5. जब बुढ़िया ने सागर की स्वामिनी बनने और सभी मछलियों पर शासन करने की इच्छा प्रकट की तब सुनहरी मछली ने कोई जवाब न दिया। उसने पानी के ऊपर अपनी पूँछ घुमाई और गायब हो गई। फिर देखते-ही-देखते बुढ़िया के ठाठ-बाट, सैनिक तथा दुर्ग सब समाप्त हो गए और वह पहले की तरह ही झोंपड़ी में रहने वाले गरीब हो गए तब बुढ़िया के लालच का अंत हुआ।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मछली | – | **मीन** | **मत्स्य** |
| वृद्ध | – | **बूढ़ा** | **बुड्ढा** |
| सागर | – | **समुद्र** | **सिंधु** |
| महिला | – | **स्त्री** | **औरत** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| द्वीप | **द्वीपों** | बूढ़ा | **बूढ़े** |
| सागर | **सागरों** | बुढ़िया | **बुढ़ियाँ** |
| मछली | **मछलियाँ** | इच्छा | **इच्छाएँ** |
| पत्नी | **पत्नियाँ** | नौकर | **नौकरों** |

*आइए कुछ करें*

1. स्वयं कीजिए।
2. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखो–**
   (i) स्वयं कीजिए।
   (ii) आज समाज में मनुष्यों में लालच की प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा

रही है। एक इच्छा के बाद, दूसरी इच्छा, तीसरी, चौथी ..... इस प्रकार उसकी इच्छाओं की संख्या में वृद्धि होती जा रही है और यही इच्छाएँ उसे लालची बनाती जा रही हैं। लालच एक मंद गति से काम करने वाला विष है, जो मनुष्य के शरीर में धीरे-धीरे फैलता है, उसी प्रकार लालचरूपी विष भी धीरे-धीरे मनुष्य को उसके पतन की ओर अग्रसर करता है, क्योंकि लालची व्यक्ति थोड़े से संतुष्ट नहीं होता उसकी इच्छाएँ प्रतिदिन बढ़ती ही जाती हैं इसलिए उनका कभी अंत नहीं होता। इसी कारण वह उससे भी हाथ धो बैठता है जो उसके पास है। लालची व्यक्ति हर कार्य में अपना फायदा ही देखता है। इसलिए वह जीवन में कभी भी सुखी नहीं रह सकता। अतः इस प्रकार लालच की प्रवृत्ति जीवन को सुखी नहीं वरन् दुखी ही करती है।

**3.** स्वयं कीजिए।

**4. लालची बुढ़िया का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में लिखो।**

**उत्तर–** बुढ़िया बहुत लालची थी। उसकी इच्छाएँ अनंत थीं, जो कभी समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही थीं।

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए।

# 4 साँप और ब्राह्मण (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** हरिदत्त एक ब्राह्मण किसान था।

**2.** हरिदत्त आराम करने के लिए खेत के किनारे खड़े एक विशाल वृक्ष के नीचे गया।

**3.** हरिदत्त ने साँप को भूदेवता कहकर पुकारा।

4. साँप दूध के बदले में हरिदत्त को एक सोने का सिक्का भेंट में देता था।
5. साँप ने हरिदत्त के बेटे को इसलिए डसा, क्योंकि हरिदत्त के बेटे ने साँप पर लाठी से वार किया।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. जब एक दिन तपती दोपहरी में हरिदत्त थककर एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए गया तब वहाँ उसकी मुलाकात एक साँप से हुई।

2. जब हरिदत्त साँप को पहली बार देखता है तो उससे कहता है कि, ''हे भूदेवता! मुझे आज से पहले यह नहीं पता था कि आप यहाँ इस बिल में निवास करते हैं। इसी कारण आपकी सेवा करने में चूक हुई। परंतु भविष्य में ऐसा कभी नहीं होगा। मुझे क्षमा कीजिए और मेरी ओर से यह भेंट स्वीकार कीजिए।''
3. हरिदत्त दूसरे गाँव में जाने से पहले अपने बेटे को समझाता है कि, ''बेटा, जब तक मैं घर न लौटकर आऊँ, तुम प्रतिदिन साँप के बिल के पास दूध से भरा कटोरा रखकर आते रहना। अपने इस काम में भूलकर भी चूक न करना।''
4. जब हरिदत्त का बेटा पिता द्‌वारा बताई जगह पर दूध रखने के लिए गया तो उसने बिल के पास रखे कटोरे में सोने का एक सिक्का देखा, जिससे उसके मन में लालच जाग गया।
5. मित्रता भले ही कितनी गहरी हो, किंतु यदि उसका आधार यानि विश्वास एक बार भी टूटता है तो फिर कभी नहीं बन पाता। मित्रता सदा के लिए समाप्त हो जाती है।

**(ग) किसने, किससे और क्यों कहा, लिखिए–**

**उत्तर–** 1. भूमि से अपेक्षित धन न मिलने के कारण हरिदत्त ने साँप से कहा।

2. काम से गाँव से बाहर जाने के कारण हरिदत्त ने अपने लड़के से कहा।
3. हरिदत्त के बेटे द्‌वारा साँप पर वार करने के कारण साँप ने हरिदत्त से कहा।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** अनुग्रहपूर्वक – साँप अपना फन उठाकर **अनुग्रहपूर्वक** इधर-उधर घुमाने लगा।

अपेक्षित – मुझे इस नौकरी से **अपेक्षित** लाभ नहीं हो रहा है।

कलंकित – विश्वास टूट जाने पर मित्रता **कलंकित** हो जाती है।

विष – साँप के **विष** ने लड़के की जान ले ली।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखो–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** वृक्ष | – | **पेड़** | **पादप** | **तरु** |
| साँप | – | **भुजंग** | **सर्प** | **नाग** |
| बेटा | – | **सुत** | **पुत्र** | **आत्मज** |
| दूध | – | **दुग्ध** | **गोरस** | **क्षीर** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** ज़मीन | **आसमान** | जीवन | **मृत्यु** |
| अपेक्षित | **उपेक्षित** | मित्रता | **शत्रुता** |
| भूत | **वर्तमान** | विश्वास | **अविश्वास** |
| क्षमा | **दंड** | बेवकूफ़ | **अक्लमंद** |

**(ग) कर्त्ता (काम करने वाला) के साथ 'ने' का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** किसान ने खेत खोदा। **2.** साँप ने दूध पी लिया।

**3.** हरिदत्त ने साँप को दूध पिलाया। **4.** बच्चे ने सिक्का जेब में डाल लिया।

**5.** लालची लोगों ने चोरी की।

**(घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर– 1.** | गृह | नृप | शृंखला |
| **2.** | हर्ष | पर्व | सर्प |
| **3.** | भ्रम | श्रम | नम्र |

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–** किसान – **क् + इ + स् + आ + न् + अ**

लालच – **ल् + आ + ल् + अ + च् + अ**

साँप – **स् + आँ + प् + अ**

समाचार – **स् + अ + म् + आ + च् + आ + र् + अ**

विश्वास – **व् + इ + श् + व् + आ + स् + अ**

**(च) निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** गरीब ब्राह्मण **गरीब** ज़हरीला साँप **जहरीला**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लालची व्यक्ति | **लालची** | सफ़ेद हंस | **सफेद** |
| मीठी वाणी | **मीठी** | छोटा खेत | **छोटा** |

**(छ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीवन | **आयु** | **जिंदगी** | **प्राण** |
| कर | **हाथ** | **टैक्स** | |
| गुण | **अच्छा** | **स्वभाव** | **खूबी** |


*आइए कुछ करें*

**1. इस कहानी का कौन-सा पात्र तुम्हें सबसे अधिक प्रभावित करता है और क्यों? सोचो और बताओ।**

**उत्तर–** इस कहानी में हम हरिदत्त नामक पात्र से अत्यधिक प्रभावित हुए हैं, क्योंकि वह तो सरल स्वभाव से साँप को प्रतिदिन दूध पिलाता था और साँप भी अपनी मर्जी से उसे प्रतिदिन एक सोने का सिक्का देता था। आवश्यक कार्य से गाँव से बाहर जाते समय हरिदत्त ने अपने बेटे को साँप को दूध पिलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। सोने के सिक्के को देखकर लड़के के मन में लालच जाग गया तो इसमें बेचारे हरिदत्त का क्या कसूर। बेटे द्वारा लालच करने के कारण हरिदत्त ने अपना बेटा भी खोया और साथ ही साँप से मित्रता भी समाप्त हो गई।

**उत्तर– 2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए

**4. दिए गए चित्र को देखकर एक लघुकथा लिखो–**



**उत्तर–** एक पेड़ के कोटर में काला सर्प रहता था और उसी पेड़ की डाल पर कौए का एक जोड़ा भी रहता था। सर्प कौए के नवजात अंडों को खा लेता था। एक बार कौए

की पत्नी ने कहा कि यह दुष्ट सर्प हमारे बच्चों को खा जाता है। तब कौए ने कुछ देर तक विचार किया। कौआ भी अत्यंत चतुर था इसलिए उसने अपनी पत्नी से कहा कि तुम चिंता मत करो। मैं ऐसा उपाय करूँगा कि वह दुष्ट साँप सदा के लिए समाप्त हो जाएगा।

कौआ अपनी पत्नी को धीरज बँधाकर उड़कर चला गया और एक घाट के पास डाल पर जाकर बैठ गया। उस घाट पर उस समय एक राजकुमार नहा रहा था और उसने अपने गले की मोतियों की माला एक पत्थर के ऊपर रखी थी। कौए ने जल्दी से अपनी चोंच से वह माला उठाई और अपने घोंसले की तरफ उड़ चला। यह देखकर राजकुमार के सेवक भी उसके पीछे-पीछे दौड़ने लगे। कौए ने वह माला सर्प के कोटर में डाल दी। सेवकों ने कौए को माला डालते हुए देख लिया था इसलिए वे पेड़ पर चढ़े और कोटर में छुपे हुए सर्प को मारकर माला ले गए। अतः इस प्रकार दुष्ट सर्प का अंत हुआ और अपने बुद्धिबल से वह कौआ अपनी पत्नी के साथ सुख से रहने लगा।

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए।

## 5 दोहावली (दोहे)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** बात को हृदय रूपी तराजू में तोल कर बोलना चाहिए।

**2.** मनुष्य को आज का काम कल पर कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि अगर कल को उसकी मृत्यु हो जाए तो छोड़ा हुआ काम कैसे होगा।

**3.** मन को शीतल करने वाली बोली मीठी बोली होती है।

**4.** ईश्वर का निवास सच्चे हृदय में होता है।

5. मनुष्य को दया का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि दया में ही धर्म का मूल है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. मनुष्य अपना अनमोल जीवन सारा दिन खाकर और सारी रात सोकर ही व्यर्थ में गवाँ देता है।

2. वशीकरण का मंत्र मीठे वचन है।

3. रहीम जी निरंतर अभ्यास का महत्त्व बताते हुए कहते हैं कि जीवन में निरंतर अभ्यास करते रहने से सफलता अवश्य ही मिलती है। जिस प्रकार रस्सी को निरंतर घीसते रहने से सिल पर भी लकीर खिंच जाती है।

4. कवि के अनुसार किसी भी व्यक्ति के बड़े होने अथवा अमीर होने का क्या फायदा जब उसके हृदय में दया और प्रेम ही ना हो। जिस प्रकार खजूर का पेड़ बहुत लंबा होता है। मगर वह थके हुए पथिक को अपनी छाया नहीं दे सकता और ना ही फल, क्योंकि उसके पेड़ पर फल भी बहुत दूर (ऊँचे) लगे होते हैं।

5. शरीर में प्राण रहने तक दया का त्याग नहीं करना चाहिए।

**(ग) निम्नलिखित दोहों का अर्थ स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर– अर्थ–**

1. रहीम जी कहते हैं कि मनुष्य को सदैव ऐसी शीतल और मीठी वाणी बोलनी चाहिए जो अन्य मनुष्यों को तो शीतलता प्रदान करे ही तथा साथ ही जो स्वयं को भी अच्छी लगे।

2. कवि के अनुसार सच के बराबर कोई तप नहीं है और झूठ के बराबर कोई पाप नहीं है। अगर आपके हृदय में सत्य का निवास है तो वहाँ ईश्वर का भी निवास होता है।

3. कवि के अनुसार जिन पर ईश्वर की कृपा होती है उनका कोई कुछ भी अनिष्ट नहीं कर सकता चाहे सारी दुनिया उनकी शत्रु हो जाए फिर भी उस व्यक्ति का जिस पर ईश्वर की कृपा है, कोई भी उसका बाल भी बाँका नहीं हो सकता।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हिये | **हृदय** | दोऊ | **दोनों** |
| बहुरि | **फिर** | औरन | **दूसरों को** |
| बसीकरन | **वशीकरण** | हिरदै | **हृदय** |
| रसरी | **रस्सी** | तरवारि | **तलवार** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–** अनमोल – **अ + न् + अ + म् + ओ + ल् + अ**

गोविंद – **ग् + ओ + व् + इ + न् + द् + अ**

तराजू – **त् + अ + र् + आ + ज् + ऊ**

रहिमन – **र् + अ + ह् + इ + म् + अ + न् + अ**

अभिमान – **अ + भ् + इ + म् + आ + न् + अ**

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** रात – **रात्रि** **निशा**

गुरु – **शिक्षक** **आचार्य**

पंथी – **राहगीर** **पथिक**

प्रेम – **प्यार** **स्नेह**

बाल – **केश** **जटा**

**(घ) वाक्यों में प्रयोग करो–**

**उत्तर–** गोविंद – हमें प्रतिदिन **गोविंद** के चरण-स्पर्श करने चाहिए।

वचन – हमें सदैव सत्य **वचन** ही बोलने चाहिए।

झूठ – **झूठ** बोलना पाप होता है।

पंथी – **पंथी** जंगल से जा रहे हैं।

*आइए कुछ करें*

**1. सोचो और बताओ कि मीठी वाणी और कटु वचनों का पशु और मानव पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता है।**

**उत्तर–** मीठी वाणी सभी को अच्छी लगती है। मीठी वाणी से दूसरों को भी अपना बनाया जा सकता है और पशु-पक्षियों को भी वश में किया जा सकता है। मीठी वाणी बोलने वाला सभी के हृदय में निवास करता है और हर जगह प्रशंसा का पात्र होता है, जबकि इसके विपरीत कटु वचन किसी को भी अच्छे नहीं लगते। कटु वचन से अपने भी पराए हो जाते हैं तथा पशु-पक्षी भी उनके पास नहीं फटकते। कटु वचन बोलने वाले से कोई भी बात करना पसंद नहीं करता और वह सबकी घृणा का पात्र होता है।

2. स्वयं कीजिए

3. स्वयं कीजिए

**4. दोहों से प्राप्त होने वाली कोई पाँच सीख लिखो।**

**उत्तर– दोहों से पाँच सीख**

1. हमें हमेशा सत्य वचन बोलने चाहिए।
2. हमें सरल हृदय होना चाहिए।
3. हमें निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए।
4. हमें कभी किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए।
5. हमें परमात्मा का सुख-दुख में सदैव स्मरण करना चाहिए।

**उत्तर–** 5. स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं करें

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 6 पश्चाताप (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. श्यामू दीनदयाल बाबू के घर का नौकर था।
2. दीनदयाल बाबू के छोटे भाई का नाम शंकरलाल बाबू था।
3. छोटे बाबू का बिस्तर न लगा सकना श्यामू की बेचैनी का कारण था।
4. छोटे बाबू को यह बात अंदर-ही-अंदर कमज़ोर किए जा रही थी कि उन्होंने श्यामू को इस तरह डाँटकर और उसे गहरी नींद से उठाकर अच्छा नहीं किया।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. मालकिन श्यामू को समझाती कि श्यामू, तू इतना काम मत कर, और भी तो नौकर हैं, वे कर लेंगे।
2. श्यामू छोटे बाबू के लिए बिस्तर बिछाना, उनके पैर दबाना इत्यादि काम करता था।
3. बिस्तर न लगा होने के कारण छोटे बाबू ने श्यामू को डाँटा।
4. श्यामू को बुखार से पीड़ित होने की दशा में छोटे बाबू का उसे डाँटना, उनकी पत्नी को तनिक भी अच्छा नहीं लगा। अपने पति के बुरे बर्ताव के कारण ही उनकी पत्नी को दुख हुआ।

**(ग) किसने, किससे और क्यों कहा, लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** श्यामू के हर वक्त काम करने पर मालकिन ने श्यामू से कहा।

**2.** श्यामू के प्रति अपने बुरे बर्ताव के कारण छोटे बाबू ने श्यामू से कहा।

**3.** मालकिन द्वारा आराम करने की बात का जवाब देते हुए श्यामू ने मालिकन से कहा।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** **1.** मालिक **2.** महिला

**3.** बेहोश **4.** अंदर

**(ख) दिए गए वाक्यों में क्रिया पदों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** श्यामू एक अच्छा बालक <u>था</u>।

**2.** मालिक ने नौकर को <u>समझाया</u>।

**3.** शंकरलाल दावत के लिए <u>जा</u> रहे थे।

**4.** बिस्तर में कोई <u>सो</u> रहा था।

**5.** घड़ी ने दस <u>बजाए</u>।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** बस **गाड़ी**–हम बस द्वारा दिल्ली जा रहे हैं।

**पर्याप्त**–आज के लिए इतना ही काम बस (पर्याप्त) है।

सोता **झरना**–नैनीताल में बहुत-से सोते हैं।

**सोना**–श्याम सारे रास्ते बस में सोता हुआ गया।

कर **हाथ**–सेठ जी दोनों हाथ से दान करते हैं।

**टैक्स**–हमें समय से कर जमा कर देना चाहिए।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बालक | **बालिका** | भाई | **बहन** |
| नौकर | **नौकरानी** | दादा | **दादी** |
| मालिक | **मालकिन** | पति | **पत्नी** |

*आइए कुछ करें*

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए

*कल्पना की दुनिया*

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 7 लालची ब्राह्मण (नाटक)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** दीनू वाराणसी के निकट, गंगा के किनारे एक गाँव में रहता था।

**2.** दीनू की पत्नी ने सुन रखा था कि हिमालय में साधु-संत रहते हैं। उनमें निर्धनता दूर करने की शक्ति होती है। इसलिए वह दीनू को हिमालय जाने के लिए कहती है।

**3.** महात्मा ने दीनू को शंख दिया।

**4.** ब्राह्मण ने रात्रि में दीनू का अशर्फी देने वाला शंख चुरा लिया था।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** दीनू कई दिन की पैदल यात्रा करते-करते हिमालय की तलहटी में पहुँच गया। फिर वह पहाड़ पर चढ़ते-चढ़ते हाँफने लगा। हिमालय पर चारों तरफ बर्फ-ही-बर्फ थी, दीनू ठंड के मारे थर-थर काँपने लगा।

**2.** महात्मा जी ने दीनू की गरीबी दूर करने के लिए उसे एक शंख दिया जो पूजा पाठ के बाद बजाने पर एक सोने की एक अशर्फी प्रतिदिन दिया करेगा।

**3.** दीनू ने ब्राह्मण को शंख का रहस्य बताते हुए कहा कि शंख को बजाने पर वह एक सोने की अशर्फी देता है।

**4.** ब्राह्मण ने लालच में आकर दीनू के दूसरी बार के शंख को चुराकर उसका पहले वाला शंख रख दिया। ब्राह्मण ने जब शंख से अशर्फी देने के लिए कहा। तब शंख बार-बार एक की दो, दो की चार, चार की आठ अशर्फियाँ देने की बात तो करता रहा परंतु दी नहीं। तब ब्राह्मण के पूछने पर शंख ने कहा, महाराजा मैं तो ढपोर शंख हूँ। मैं कहता तो बहुत कुछ हूँ, लेकिन देता कुछ भी नहीं। तब ब्राह्मण को अशर्फी देने वाले शंख के छिन जाने का बहुत अफसोस हुआ। इस प्रकार ब्राह्मण को उसके लालच का फल मिल गया था।

**(ग) किसने, किससे और क्यों कहा, लिखिए–**

**उत्तर– 1.** दीनू बहुत गरीब था। इस कारण से दीनू की पत्नी ने यह वाक्य अपने पति दीनू से कहा।

**2.** ब्राह्मण द्वारा शंख चुरा लेने पर दीनू ने अपनी पत्नी से कहा।

**3.** ब्राह्मण के बार-बार बजाने पर भी शंख ने अशर्फी नहीं दी तब शंख ने ब्राह्मण से कहा।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** पुरानी | **नई** | गाँव | **शहर** |
| निर्धनता | **अमीरी** | रात | **दिन** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्दों पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** निर्धनता | – अमीरी | गरीबी (✓) | दरिद्रता (✓) |
| दिन | – दिवस (✓) | वार (✓) | निशा |
| पर्वत | – पहाड़ (✓) | नाग | नग (✓) |
| पत्नी | – वनिता | भार्या (✓) | अर्धांगिनी (✓) |

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन सर्वनाम किन संज्ञा शब्दों के स्थान पर आए हैं, लिखिए–**

**उत्तर– 1.** दीनू। **2.** दीनू की पत्नी। **3.** दीनू। **4.** शंख।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** मन | **चित्त** | **चालीस सेर की तौल** | बस | **पर्याप्त** | **गाड़ी** |
| उत्तर | **दिशा** | **जवाब** | पानी | **जल** | **लज्जा/शर्म** |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3.** स्वयं कीजिए **4.** स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# बुद्धिमान बीरबल (किस्सा)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** बीरबल बादशाह अकबर के दरबार में एक मंत्री थे।

**2.** बादशाह ने नगर में घोषणा करवाई गई कि जो आदमी रात-भर शाही तालाब के ठंडे पानी में खड़ा रहेगा, उसे पाँच सौ अशर्फियाँ इनाम में दी जाएँगी।

**3.** बीरबल ने बादशाह को संदेश भिजवाया कि बीरबल खिचड़ी पका रहे हैं। जब खिचड़ी पक जाएगी, तब वे खिचड़ी खाकर दरबार में आएँगे।

**4.** बीरबल के घर के बाहर सहन में दस-दस फुट के दो बाँस गड़े थे। उन दोनों बाँसों से बाँधी गई एक रस्सी पर एक छोटी-सी हाँडी लटक रही थी और नीचे जमीन पर थोड़ी-सी आग जल रही थी। बीरबल इस तरह हाँडी में खिचड़ी पका रहे थे।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** बादशाह आजमाना चाहते थे कि सर्दी में तालाब के ठंडे पानी में क्या कोई व्यक्ति रात भर खड़ा रह सकता है। वे व्यक्ति की हिम्मत को आजमाना चाहते थे।

**2.** तालाब के ठंडे पानी में एक गरीब दुबला-पतला आदमी खड़ा रह पाया।

**3.** बादशाह ने उस गरीब आदमी से कहा कि तुम्हें दीए की गर्मी मिलती रही। उसी से तुम ठंडे पानी में खड़े रह सके। इसलिए तुम्हें इनाम नहीं मिलेगा।

**4.** बीरबल के खिचड़ी पकाने के ढंग के बारे में जब अकबर ने कहा कि दस फुट की दूरी पर थोड़ी-सी आग से तुम्हारी खिचड़ी कैसे पक सकती है, तब बीरबल ने कहा कि हुजूर, जब सौ गज की दूरी पर जलते हुए छोटे-से दीए से एक आदमी को गर्मी मिल सकती है तो दस फुट पर जलती आग से भी खिचड़ी पक सकती है। इस प्रकार बीरबल ने बादशाह को समझाया कि बादशाह का फैसला गलत था।

**(ग) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** बुद्धिमान **ज्ञानी** बीरबल बहुत बुद्धिमान था।

| | | |
|---|---|---|
| अशर्फियाँ | **सोने के सिक्के** | राजा ने इनाम में किसान को **अशर्फियाँ** दीं। |
| इनाम | **पुरस्कार** | राजू को स्कूल में **इनाम** दिया गया। |
| संदेश | **समाचार** | चिट्ठी के द्वारा हम अपना **संदेश** एक-दूसरे को पहुँचाते हैं। |

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित उदाहरण के अनुसार वाक्य बदलिए–**

**उत्तर–** **1.** बादशाह ने ऐलान करवा दिया।

**2.** बीरबल ने कहलवा दिया।

**3.** बादशाह ने उस आदमी को बुलवाया।

**4.** माता जी ने खाना बनवाया।

**5.** अध्यापिका ने कुछ शब्द लिखवाए।

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बादशाह | **फकीर** | बुद्धिमान | **मूर्ख** | बाहर | **अंदर** |
| रात | **दिन** | अमीर | **गरीब** | इनाम | **दंड** |

**(ग) पाठ से आठ जातिवाचक संज्ञा शब्द ढूँढकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मंत्री | बाँस | आदमी | व्यक्ति |
| महल | सिपाही | नौकर | तालाब |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| बादशाह | **ब् + आ + द् + अ + श् + आ + ह् + अ** |
| बुद्धिमान | **ब् + उ + द् + ध् + इ + म् + आ + न् + अ** |
| मौसम | **म् + औ + स् + अ + म् + अ** |
| खिचड़ी | **ख् + इ + च् + अ + ड़् + ई** |
| विश्वास | **व् + इ + श् + व् + आ + स् + अ** |
| बीरबल | **ब् + ई + र् + अ + ब् + अ + ल् + अ** |

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पानी | **जल, इज्जत** | कर | **हाथ, टैक्स** |

**(च) निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग शब्द बताइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बादशाह | **पुल्लिंग** | तालाब | **पुल्लिंग** |
| सिपाही | **पुल्लिंग** | अशर्फी | **स्त्रीलिंग** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| खिचड़ी | **स्त्रीलिंग** | हाँडी | **स्त्रीलिंग** |
| बाँस | **पुल्लिंग** | रस्सी | **स्त्रीलिंग** |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए
**4.** स्वयं कीजिए **5.** स्वयं कीजिए

**6. दिए गए चित्र को देखकर कोई चार वाक्य लिखो।**



**उत्तर–** **1.** किसी नगर में एक धोबी रहता था।
**2.** उसके पास एक गधा था।
**3.** एक बार दोनों एक जंगल से गुजर रहे थे।
**4.** दोनों का भूख और प्यास से बुरा हाल था।

***कल्पना की दुनिया***

**क्या बादशाह का फैसला ठीक था? क्यों?**

**उत्तर–** बादशाह का फैसला ठीक नहीं था, क्योंकि व्यक्ति तो रात भर ही ठंडे पानी में खड़ा रहा और एक छोटा-सा दीया, दूर जलता हुआ, उस व्यक्ति को कैसे गर्मी पहुँचा सकता था।

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

## 9 शाम का गीत (कविता)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** सूरज कल आने का वादा करके अपने घर जाता है।
**2.** कवि संध्या को दीदी के रिश्ते से संबोधित करता है।
**3.** हवा की स्थिति नींद में डूबी हुई-सी है।
**4.** रात को अंबर में उजाला चंदा मामा और तारे करते हैं।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** अपनी किरणों को समेटकर सूरज अपने घर लौटा।

2. सूरज के जाने पर संध्या अपने दरवाजे से देखने लगी।
3. सूरज के चले जाने के बाद सड़कों ने अँधेरे का काला लबादा ओढ़ लिया।
4. रात के आने पर सूरज का काम चंदा मामा ने सँभाला और सारे तारों को एकत्र करके अंबर में उजाला कर दिया।

**(ग) कविता की निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर–** 1. **अर्थ–**सूरज के घर जाने पर शाम भी शरमाती हुई-सी अपने दरवाजे से बाहर आने के लिए झाँकने लगी और हवा भी थकी-थकी सी नींद के आगोश में जाने के लिए आतुर हो उठी।

2. **अर्थ–**तारे और चाँद की रंग-बिरंगी रोशनियों से सारे जगत का अँधियारा मिट गया और शहर भी रंग-बिरंगी रोशनियों से नहा उठा।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों का अपने शब्दों में वाक्य प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** गठरी – रामू प्रेस वाले को कपड़ों की **गठरी** दे आया।
लबादा – सर्कस में जोकर ने अजीब-सा **लबादा** पहन रखा था।
अंबर – **अंबर** में पंछी उड़ रहे हैं।
उजाला – सूरज धरती पर **उजाला** लेकर आता है।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूरज | – | **सूर्य** | **दिवाकर** |
| संध्या | – | **शाम** | **साँझ** |
| चंदा | – | **चाँद** | **शशि** |
| अंबर | – | **आकाश** | **आसमान** |
| उजाला | – | **प्रकाश** | **ज्योति** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आज | – | **कल** | संध्या | – | **प्रातः** |
| उजाला | – | **अँधेरा** | शहर | – | **गाँव** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के मिलते-जुलते शब्द कविता से चुनकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वादा | – | **दादा** | दीदी | – | **उनींदी** |
| सँभाला | – | **उजाला** | गिन | – | **दिन** |
| घर | – | **कर** | माला | – | **काला** |

*आइए कुछ करें*

**उत्तर–** 1. स्वयं कीजिए 2. स्वयं कीजिए

**3.** स्वयं कीजिए **4.** स्वयं कीजिए

**5. इस कविता को पढ़ो तथा इसे सार के रूप में लिखो।**

**उत्तर– कविता का सार**

दिन ढल जाने पर सूरज दादा अपनी समस्त किरणों को समेटकर अपने घर चले जाते हैं। तब शाम भी अपने घर से बाहर आ जाती है। हवा भी सारे दिन की थकी-थकी सी नींद के आगोश में जाने के लिए आतुर है। शहरों की सारी सड़कों ने अंधकाररूपी काला लबादा ओढ़ लिया है। तभी आकाश में चंदा मामा ने आकर सूरज की कमी को पूरा किया और सभी तारों को एकत्र करके सम्पूर्ण आकाश में उजाला कर दिया और चाँद-तारे की रोशनियों से शहर का रूप भी निखर गया अर्थात वह भी रोशनी से नहा उठा।

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–1.** स्वयं कीजिए

**2. सूरज धरती पर कौन-सा उपकार करता है? सोचो और बताओ।**

**उत्तर–** सूरज धरती पर अपनी किरणों का प्रकाश फैलाकर धरती का अंधकार दूर करता है।

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 10 सेनापति का चुनाव (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** महाराज रिपुदमन की चिंता का कारण योग्य सेनापति का चुनाव था।

**2.** रानी ने महाराज रिपुदमन को उप-सेनापति को ही सेनापति बनाने का सुझाव दिया।

**3.** शत्रुघ्न सिंह राज्य के सीमावर्ती ग्राम पुष्पपुर का रहने वाला था। वह तक्षशिला से अपनी शिक्षा-दीक्षा पूरी करके जधानी में भाग्य आजमाने आया था।

**4.** शत्रुघ्न सिंह ने सरोवर में बिना प्रवेश किए एक मोटे रस्से को सरोवर के मध्य स्थित स्तंभ में फँसाने की पहली परीक्षा पास की।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** महाराज रिपुदमन को युद्ध की आशंका थी।

**2.** जबसे रानी का भाई उप सेनापति बना था सेना में गुटबाजी बढ़ गई थी। इसलिए अनेक सेनानायक रुष्ट हो गए थे।

**3.** राजा के राज्य के सीमावर्ती गाँव पुष्पपुर का रहने वाले शत्रुघ्न ने जब सेनापति के चुनाव के लिए की गई सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर लिया तब राजा को शत्रुघ्न सिंह के रूप में योग्य सेनापति मिल गया।

**4.** शत्रुघ्न सिंह ने शिला प्रक्षेपक नाम का यंत्र बनाया था। वह कुछ-कुछ ढेंकुली की तरह का यंत्र था। युवक ने यंत्र में लगे तख्ते को झुकाकर उसके एक सिरे पर पत्थर को टिका दिया। फिर उठे हुए दूसरे सिरे पर तीन-चार बलिष्ठ युवकों के साथ चढ़कर जोर से झटका दिया। झटका लगते ही पत्थर क्षणभर में ही किले की दीवार के उस पार धड़ाम से जा गिरा और इस तरह शत्रुघ्न सिंह ने अंतिम परीक्षा भी पास कर ली।

**5.** सेनापति के चुनाव का समाचार सीमा पार के राज्यों में पहुँच गया। उन राज्यों के राजाओं ने ऐसे सुयोग्य सेनापति के बारे में सुनकर महाराज रिपुदमन सिंह के राज्य पर आक्रमण का विचार त्याग दिया।

**(ग) पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए–**

**उत्तर–** **1.** **युद्ध** की आशंका बढ़ती जा रही है।

**2.** सरोवर के बीचोंबीच लकड़ी का एक **स्तंभ** खड़ा था।

**3.** **निर्णायक**, युवक को दूसरे परीक्षा-स्थल पर ले गए।

**4.** मैं आपके राज्य के सीमावर्ती ग्राम **पुष्पपुर** का रहने वाला हूँ।

**5.** यही नहीं, महाराज ने उससे अपनी **पुत्री** का विवाह भी कर दिया।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर अपने शब्दों में वाक्य प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| चिंतामग्न | – **चिंतित** | राजा **चिंतामग्न** होकर इधर से उधर टहल रहे थे। |
| आत्मघात | – **आत्महत्या** | परिस्थितियों से घबराकर कभी भी **आत्मघात** न करें। |
| संतोष | – **संतुष्टि** | सज्जन व्यक्ति कम वस्तु में ही **संतोष** प्राप्त कर लेता है। |
| तेजस्वी | – **तेज** | युवक **तेजस्वी** और सुंदर था। |

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम | **विषम** | सहजता | **कठिनता** |
| गुण | **अवगुण** | अपना | **पराया** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| संतोष | **असंतोष** | प्रिय | **अप्रिय** |
| लंबी | **चौड़ी** | निर्माण | **ध्वस्त** |

**(ख) वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** **1.** म् + अ + ह् + आ + र् + आ + ज् + अ – **महाराज**

**2.** आ + त् + म् + अ + घ् + आ + त् + अ – **आत्मघात**

**3.** य् + उ + व् + अ + क् + अ – **युवक**

**(ग) 'र' और 'रेफ' की मात्रा का सही प्रयोग कर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ्र | प्रिय | **प्रजा** | **प्रकाश** | **क्रम** | **प्रपात** | **भ्रम** |
| र् | हर्ष | **वर्ष** | **दर्द** | **धर्म** | **पर्वत** | **उत्तीर्ण** |

**(घ) वि और निर् उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वि + भाग | **विभाग** | निर् + जन | **निर्जन** |
| वि + शेष | **विशेष** | निर् + बल | **निर्बल** |
| वि + शिष्ट | **विशिष्ट** | निर् + गुण | **निर्गुण** |
| वि + जय | **विजय** | निर् + धन | **निर्धन** |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए

**2. पाठ में से विविध संज्ञा शब्दों को पढ़ो तथा उनके भेद बताओ।**

**उत्तर–** व्यक्तिवाचक – **रिपुदमन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, तक्षशिला-गुरुकुल, पुष्पपुर**

जातिवाचक – **महाराज, महारानी, स्तंभ, युवक, व्यक्ति, राज्य, लकड़ी, सरोवर, सेनापति**

भाववाचक – **आशंका, विनम्रता, तेजस्वी, आक्रमण, सफलता, उत्साह, विषम**

**उत्तर–** **3.** स्वयं कीजिए

**4. इस कहानी का जो पात्र तुम्हें सबसे अधिक प्रभावित करता है, उसका चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में लिखो।**

**उत्तर–** इस कहानी का जो पात्र सबसे अधिक प्रभावित करता है वह है शत्रुघ्न सिंह। वह एक वीर, तेजस्वी और सुयोग्य युवक है। उसका कद छह फुट से अधिक लंबा, चौड़ा माथा, बड़ी-बड़ी आँखें, सुडौल नासिका, चौड़ी छाती और पुष्ट भुजाएँ थीं। वह राजनीति और युद्ध कला में पूर्णतः निपुण था।

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

*हमने सीखा*

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

*वर्तनी-बोध*

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 11 विमुद्रीकरण (निबंध)

**आओ अभ्यास करके देखें**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** मुद्रा पैसे के उस रूप को कहते हैं जिससे दैनिक जीवन में खरीद और बिक्री होती है।

**2.** 500 और 1000 के पुराने नोट 8 नवंबर 2016 को बंद किए गए।

**3.** पुराने नोट बदलकर नकली नोटों की रोकथाम की जा सकती है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** जब किसी देश की सरकार किसी पुरानी मुद्रा को कानूनी तौर पर बंद कर देती है तो इसे विमुद्रीकरण (डीमोनेटाइजेशन) कहते हैं।

**2.** पुराने नोटों की जगह नए नोटों को लाने, कालेधन को खत्म करने, आतंकवाद, अपराध और तस्करी जैसे अपराधिक कार्यों को रोकने, नकली नोटों से छुटकारा पाने, जालसाजी से बचने के लिए तथा टैक्स आदि की चोरी पर रोक लगाने के लिए सरकार विमुद्रीकरण करती है।

**3.** विमुद्रीकरण से लोगों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा लोगों के पास मौजूद नकद मुद्रा अचानक ही अवैध घोषित हो गई जिससे उनका दैनिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ। छोटे नोटों की उपलब्धता कम होने के कारण अनेक कार्य भविष्य के लिए टाल दिए गए। ऐसे अनेक व्यापार जो पूरी तरह से नकदी पर निर्भर थे उन पर बंद होने का खतरा मँडराने लगा। इसके कारण लोग गैर-नकदी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हुए।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** जमाखोरी **काला धन इकट्ठा करना**

विमुद्रीकरण से **जमाखोरी** करने वाले लोगों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा।

| | | |
|---|---|---|
| हतोत्साहित | **निराश होना** | |
| | टैक्स की चोरी, अपराध को **हतोत्साहित** करने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए। | |
| न्यायोचित | **न्यायपूर्ण** | |
| | जज ने कैदी को उम्रकैद की सजा देकर **न्यायोचित** निर्णय दिया। | |
| अर्थव्यवस्था | **आर्थिक स्थिति** | |
| | विमुद्रीकरण द्वारा देश की **अर्थव्यवस्था** पर काफी गहरा प्रभाव पड़ा। | |
| आतंकवाद | **हिंसात्मक गतिविधि द्वारा अपनी अनुचित माँगे पूरी करना** | |
| | संसार में अनेक देश **आतंकवाद** की गतिविधि से पीड़ित हैं। | |

**(घ) दी गयी संख्याओं की सहायता से रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए–( 8, 12, 500, 100. )**

**उत्तर–** 8 नवम्बर को भारतीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऐसा ही एक बड़ा कदम उठाते हुए 500 और 1000 के नोटों को उसी रात 12 बजे से बंद किए जाने की घोषणा की।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुरानी | **नयी** | हतोत्साहित | **प्रोत्साहित** |
| सामान्य | **असामान्य** | व्यापक | **सीमित** |
| अमीर | **गरीब** | बूढ़ा | **बच्चा** |
| पतला | **मोटा** | लंबा | **छोटा** |
| स्वस्थ | **अस्वस्थ** | बुद्धिमान | **बुद्धिहीन** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के पर्यावाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| मुद्रा | **पैसा** | **रुपया** |
| टैक्स | **महसूल** | **कर** |
| अमीर | **धनी** | **धनवाद** |
| बुजुर्ग | **बूढ़ा** | **वृद्ध** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सरकार | **सरकारें** | बैंक | **बैंकों** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| महिला | **महिलाएँ** | मशीन | **मशीनों** |
| किताब | **किताबें** | टोकरी | **टोकरियाँ** |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3. विमुद्रीकरण के क्या लाभ हैं? इस विषय पर अपने विचार लिखिए।**

**उत्तर–** विमुद्रीकरण से अनेक लाभ हैं। इसके द्वारा कालेधन को खत्म किया जा सकता है। जो लोग अपराध, आतंकवाद, चोरी आदि द्वारा धन एकत्रित करके बड़े पैमाने पर लेन-देन करते हैं उन्हें रोका जा सकता है। इसके द्वारा लोगों का ध्यान बैंक की तरफ आकर्षित हुआ है। ज्यादातर महिलाएँ बैंक से सीधे तौर पर जुड़ गई हैं। वे अपना बचाया हुआ धन बैंक में जमा करके उसके द्वारा उचित लाभ प्राप्त करती हैं।

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 12 रंग-बिरंगे पक्षी (जानकारी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** वर्षा ऋतु में मोर पक्षी अपने नाच से सबका मन मोह लेता है।

**2.** पक्षियों का कलरव वातावरण को सजीव बनाता है।

**3.** संसार का सबसे छोटा पक्षी 'बी हमिंग बर्ड' नाम की चिड़िया है, जो क्यूबा में पाई जाती है।

**4.** संसार का सबसे तेज़ गति से उड़ने वाला पक्षी पेरिग्रेन फाल्कन है।

**5.** नीलकंठ पक्षी अपने स्वभाव से झगड़ालू पाया जाता है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** भारत में अनेक प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। मनुष्य के साथ पक्षियों का

अटूट संबंध है। फसलों को हानि पहुँचाने और घातक रोग फैलाने वाले कीड़ों को खाकर पक्षी हमारी सहायता करते हैं। वे केवल कीड़ों को ही नहीं खाते, अपितु चूहे, साँप, छिपकली तथा मेढक आदि की वंशवृद्धि को भी नियंत्रित करते हैं। भारतीय चिड़ियों में सबसे छोटी चिड़िया फुलचुही है। यह काले-नीले रंग की लंबी पतली चोंच वाली होती है। हमिंग बर्ड उड़ते हुए ही फूलों का रसपान करती है। छोटी चिड़िया वीर होती हैं। वृक्षों के तनों में घर बनाने वाला कठफोड़वा तने पर सर्पाकार तरीके से चढ़ सकता है। यह तने में छेद करते समय 13 मील प्रति घंटे की वेग से पेड़ की छाल में चोंच से टक्कर मारता है। बाज छोटी चिड़ियों को ही नहीं, अपितु तोता, कबूतर, वनमुर्गी जैसे पक्षियों का भी शिकार कर लेता है। नीलकंठ एक सुंदर पक्षी है जो स्वभाव से झगड़ालू होने के कारण आपस में ही लड़ते रहते हैं। नन्हें पक्षी बया का घोंसला बनाने की कला तो मनुष्य देखता ही रह जाता है। काले रंग का भुजंगा पक्षी छोटी चिड़ियों में सबसे बहादुर होता है। बुलबुल पपीहा और कोयल भी बहुत ही प्रिय पक्षी हैं। बाहर आने पर ये अपने संगीत से सबको प्रसन्न करते हैं। गायक पक्षियों में कालचिड़ी ही केवल ऐसी है जो बारह महीने गाती है। अपने स्वर से कोयल भी कानों में मिसरी घोलती है। चकवा-चकवी रात को एक-दूसरे से पृथक् हो जाते हैं और क्रंदन करते हैं।

**2.** लगभग साठ-सत्तर लाख वर्ष पहले एक ऐसा पक्षी जीवित था, जिसका भार 150 पौंड और पंखों का फैलाव 25 फुट था। चोंच से पूँछ तक इसकी लंबाई 11 फुट और बैठने पर वह छह फुट ऊँचा रहता था। इस पक्षी के जीवावशेष आज भी लॉस एंजेल्स के म्यूजियम में देखे जा सकते हैं।

**3.** शुतुरमुर्ग जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाला पक्षी है। यह 45 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है। शक्तिशाली शुतुरमुर्ग दो आदमियों को अपनी पीठ पर बैठाकर ले जा सकता है। शुतुरमुर्ग की ऊँचाई 8-9 फुट तक होती है। इसके अंडे का भार 1.36 किलोग्राम तक होता है।

**4.** बाज छोटी चिड़ियों को ही नहीं, अपितु तोता, कबूतर तथा वनमुर्गी जैसे पक्षियों का भी शिकार कर लेता है।

**5.** चील, कौए और बंदर भुजंगा पक्षी के घोंसले के आस-पास नहीं फटकते।

**(ग) खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** भारत भी **पक्षियों** का देश है।

**2.** संसार की सबसे छोटी चिड़िया **बी हमिंग बर्ड** है।

**3.** **शुतुरमुर्ग** जमीन पर सबसे तेज़ दौड़ने वाला पक्षी है।

**4.** **नीलकंठ** एक सुंदर पक्षी है।

**5.** **चकवा-चकवी** रात को एक-दूसरे से पृथक् हो जाते हैं और **क्रंदन** करते हैं।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्षा | **बारिश** | **बरसात** | **वर्षण** |
| पक्षी | **खग** | **विहग** | **परिंदा** |
| मोर | **मयूर** | **केकी** | **शिखंडी** |
| वृक्ष | **पेड़** | **तरु** | **विटप** |
| रात | **रात्रि** | **निशा** | **रजनी** |

**(ख) सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** **1.** प्रस्थान **2.** वृद्धि **3.** नग

**(ग) दिए गए वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाकर दोबारा लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** मनुष्य के साथ पक्षियों का अटूट संबंध है।

**2.** मेढक, चूहे, छिपकली, साँप आदि अनोखे जीव हैं।

**3.** क्या आपने शुतुरमुर्ग को देखा है?

**4.** वाह! कितना सुंदर पक्षी है।

**5.** पिताजी बोले पक्षी हमारे मित्र हैं।

**(घ) निम्न शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| कलरव | – | प्रातः डाल पर बैठे पक्षी **कलरव** करते हैं। |
| सुरक्षा | – | पुलिस हमारी **सुरक्षा** हेतु है। |
| नियन्त्रण | – | हमें अपनी इन्द्रियों पर **नियन्त्रण** रखना चाहिए। |
| अनुमान | – | दादा जी ने वर्षा होने का **अनुमान** लगाया। |

*आइए कुछ करें*

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3. 'मोर' को विषय बनाकर एक लघु निबंध लिखो–**

**उत्तर– मोर पर निबंध**

मोर अत्यधिक सुंदर पक्षी है। यह भारत, म्यांमार, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों में पाया जाता है।

मोर एक रंग-बिरंगा पक्षी है। इसकी गर्दन, नीले रंग की, चमकदार और लंबी होती है तथा इसके सिर पर एक कलगी भी लगी होती है। मोर की आँखें छोटी-छोटी होती हैं और इसकी चोंच भी छोटी होती है। इसका शरीर दूसरे पक्षियों की तुलना में बड़ा और कुछ भारी होता है। इसलिए यह अधिक लंबी और ऊँची उड़ान नहीं भर सकता तथा इसके पंख रंग-बिरंगे होते हैं। मोर बगल के दो पंखों की सहायता से उड़ता है। इन पंखों पर चाँद जैसा चिह्न बना होता है। मोर की दो टाँगें होती हैं। वर्ष में एक बार मोर के पंख झड़ जाते हैं और उनके स्थान पर नए पंख उग आते हैं।

मोर अन्न के दाने और कीड़े-मकोड़े खाता है और यह साँप का शत्रु होता है तथा यह शांतिप्रिय स्वभाव का होता है। वर्षा ऋतु में मोर बहुत प्रसन्न होता है। बादलों की गर्जना सुनकर मोर कूकने लगता है और बादलों को देखकर नाचता है। जब यह अपने पंखों को ऊपर की ओर फैलाकर नाचता है, तो बहुत मन-भावन लगता है। इसके सुंदर नाच को मयूर नृत्य कहा जाता है। मोर के पंखों से सजावट आदि के लिए बहुत-सी वस्तुएँ बनती हैं। मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है। इसलिए इसको मारना या शिकार करना कानूनन अपराध माना जाता है।

**4. पशु-पक्षियों को संरक्षण देने के उद्देश्य से एक नारा लिखो–**

**उत्तर–** पशु-पक्षी हमारे मित्र हैं, इन्हें मत मारो।

पशु-पक्षियों को जीवित रखिए, पृथ्वी को बचाइए।

***कल्पना की दुनिया***

**पशु-पक्षियों के प्रति दया-भाव दर्शाना क्यों आवश्यक है?**

**उत्तर–** हमें पशु-पक्षियों के प्रति दया-भाव रखना चाहिए। पशु-पक्षी भी हमारे मित्र होते हैं। उन्हें मारना या सताना नहीं चाहिए। पशु-पक्षी निरीह जीव होते हैं जब तक ये हमें नुकसान न पहुँचाए हमें इन्हें सताना या मारना नहीं चाहिए। पशु-पक्षी भी मनुष्य की भाँति प्रेमभाव चाहते हैं। अतः पशु-पक्षियों पर दया भाव रखते हुए इन्हें जीवित रखिए और पृथ्वी को बचाइए।

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 13 आओ बच्चो! मिलकर कह दें (कविता)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** कवि अकेले बैठे गरीब बच्चे के साथ खेलने की बात करता है।

**2.** क्योंकि धर्म, जाति और धन के द्‌वारा ही समाज और परिवार में कटुता उत्पन्न होती है।

**3.** बच्चे प्यार की कलियों से इस दुनिया को महकाना चाहते हैं।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** बच्चे के साथ कोई खेलने वाला साथी नहीं है, इसलिए वह अकेला बैठा है।

**2.** माता-पिता दोनों ही मजदूरी करने जाते हैं इसलिए बच्चे को अकेला छोड़ना उनकी विवशता है।

**3.** कवि का इन पंक्तियों से आशय है कि हम बच्चे आपस में एक-दूसरे से बड़ों की तरह क्यों लड़ें। अगर बड़ों की सीख हमें लड़ने के लिए प्रेरित करती है तो हम छोटे बच्चे ही बने रहना चाहते हैं अर्थात हम बड़े नहीं बनना चाहते।

**(ग) निम्नलिखित पद्‌यांश का भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर–** **भावार्थ–**

सड़क किनारे जो छोटा गरीब बच्चा अकेले बैठा है। उसके माता-पिता बेचारे मजदूरी कर रहे हैं। यह उस अकेले बैठे बालक की मजबूरी है।

***भाषा-बोध***

**(क) नीचे दिए गए द्‌वित्व व्यंजनों से दो-दो शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्क | **पक्का** | **हुक्का** | ल्ल | **बल्ला** | **गल्ला** |
| म्म | चम्मच | अम्मा | ब्ब | **डिब्बा** | **अब्बा** |
| त्त | **उत्तर** | **उत्तम** | प्प | **चप्पा** | **ठप्पा** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों का उदाहरण के अनुसार वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| बच्चा | **ब् + अ + च् + च् + आ** |
| मजदूरी | **म् + अ + ज् + अ + द् + ऊ + र् + ई** |
| जाति | **ज् + आ + त् + इ** |
| कठपुतली | **क् + अ + ठ् + अ + प् + उ + त् + अ + ल् + ई** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** धर्म – **अधर्म** भारत में विभिन्न **धर्मों** के लोग रहते हैं।

विष – **अमृत** जाति, धन, धर्म फूट डालने में **विष** के समान हैं।


प्यार – **नफरत** हमें छोटों के साथ **प्यार** का बर्ताव करना चाहिए।

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3. दिए गए चित्र को देखकर एक लघु कहानी लिखो–**

**उत्तर–**



**लघु कहानी**

एक गरीब विधवा स्त्री थी। उसका एक पुत्र था। वह स्त्री दिन-भर पत्थर तोड़कर अपना तथा अपने पुत्र का भरण-पोषण करती थी। वह भी अपने पुत्र को स्कूल भेजना चाहती थी। परंतु उसके पास स्कूल भेजने के लिए पैसे ही नहीं थे। श्याम प्रतिदिन स्कूल जाते समय उन दोनों माँ-बेटे को देखता था। एक दिन श्याम ने उस लड़के से पूछा कि क्या वह स्कूल नहीं जाना चाहता। तब लड़के ने उत्तर दिया कि हाँ मैं भी तुम्हारी तरह स्कूल जाकर पढ़ना चाहता हूँ, लेकिन मेरी माँ के पास इतने पैसे नहीं हैं। अगले दिन श्याम अपने पिता के साथ उस लड़के के पास आया और उसकी माँ के पास आकर बोला, ''मैंने अपने पिताजी से बात कर ली है। वह आपके बेटे को मेरे स्कूल में दाखिला दिलवा देंगे। यह बात सुनकर माँ-बेटे दोनों बहुत खुश हो गए। अब वह लड़का और श्याम दोनों बहुत अच्छे मित्र बन गए और एक साथ स्कूल जाने लगे।''

**4.** स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 14 बकरी दो गाँव खा गईं (किस्सा)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** आदमी आगरा की सड़कों पर 'हाय बकरी दो गाँव खा गई' कहकर चिल्ला रहा था।

**2.** वह आदमी एक किसान था और बादशाह अकबर उससे आगरे के निकट एक गाँव में उसके गन्ने के खेत पर मिले।

**3.** किसान से गन्ने का रस बादशाह अकबर ने माँगा था, क्योंकि उन्हें बहुत प्यास लगी थी।

**4.** पहली बार एक ही गन्ने के रस से लोटा भर गया था।

**5.** बादशाह ने किसान की बात से खुश होकर पीपल के पत्ते पर उसे दो गाँव देने का हुक्म लिखा।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** किसान को दो गाँव देने के बादशाह के हुक्म लिखे पीपल के पत्ते को बकरी द्‌वारा खा लिए जाने का अभिप्राय है।

**2.** किसान ने अकबर की नीयत के बारे में कहा कि लगता है, अकबर बादशाह की नीयत बिगड़ गई है। उसी का असर है।

**3.** किसान की सीख से खुश होकर बादशाह अकबर ने ईनाम में किसान का सारा लगान माफ कर दिया और उसे दो गाँव देने का हुक्म भी दिया।

**4.** बादशाह अकबर की नीयत बिगड़ गई थी, इसलिए लोटा रस से नहीं भरा।

**5.** अकबर ने किसान को दो गाँव देते हुए कहा कि इस बार गाँवों को बकरी से बचाना।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों का उनके विलोम शब्द से सही मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**
- बादशाह → फकीर
- सरस → नीरस
- सच → झूठ
- आमदनी → व्यय
- सुखी → दुःखी

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के अर्थों में भिन्नता प्रकट करने के लिए वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** भिन्न – प्रत्येक राज्य की भाषा **भिन्न**-भिन्न होती हैं।
विभिन्न – उपवन में **विभिन्न** प्रकार के फूल खिले हैं।
शंका – पुलिस को **शंका** है कि रामू चोर नहीं है।
आशंका – विपिन को **आशंका** है कि आज उसकी गाड़ी छूट जाएगी।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** लोटा | **लोटे** | बकरी | **बकरियाँ** |
| पत्ता | **पत्ते** | पौधा | **पौधे** |
| गन्ना | **गन्ने** | भलाई | **भलाइयाँ** |

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों को भविष्यत् काल में बदलिए–**

**उत्तर–** **1.** बादशाह गाँव में घूमने जाएँगे।
**2.** किसान गन्ना तोड़कर रस निकालेगा।
**3.** क्या किसान सच बोलेगा।
**4.** बादशाह अकबर किसान के नाम दो गाँव लिखेंगे।

***आइए कुछ करें***

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए
**3.** स्वयं कीजिए **4.** स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 15 बेटी को पत्र (पत्र)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** यह पत्र 12 मई, सन् 1960 को लिखा गया था।
**2.** लेखक को अपने बच्चों जया और भैया की याद आ रही थी।

3. भगवान बुद्ध माँ की तरह गरीबों और दीन-दुखियों की सेवा करते थे।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. श्रीलंका में भगवान बुद्ध के जन्मदिन का उत्सव मनाया जा रहा था।

2. लेखक ने मोरटुबा स्टेशन के पास देखा कि सड़क के किनारे नाटक हो रहा था, बच्चे चेहरा लगाकर नाच रहे थे। लोग घेरकर ऑरेंजक्रश, लेमनेड शरबत आदि पिला रहे थे।

3. बच्चे बहुत खुश हो रहे थे और चेहरा लगाकर नाच रहे थे।

**(ग) पाठ से उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए–**

**उत्तर–** 1. श्रीलंका में कल और आज इतना उत्सव मनाया गया **कि कुछ न पूछो।**

2. पैसे से नहीं, यूँ ही। **भगवान का जन्मदिन था न!**

3. कोलंबो शहर में रात **में घास के मैदान में बहुत भीड़ थी।**

4. भगवान बुद्ध की बहुत **बड़ी तस्वीर सजाई गई थी।**

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्सव | – | **त्योहार** | हम दीपावली का **उत्सव** बहुत उल्लास से मनाते हैं। |
| चेहरा | – | **मुखड़ा** | परीक्षा में पुत्री के अच्छे नंबरों से पास होने पर पिता का **चेहरा** दमक रहा था। |
| महापंडित | – | **महाज्ञानी** | ज्ञान प्राप्त करने के बाद कालिदास **महापंडित** बन गए थे। |
| रोशनी | – | **उजाला** | गुरु अपने ज्ञान की **रोशनी** सब ओर फैलाता है। |

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल | **आज** | पास | **दूर** |
| दिन | **रात** | दुःखी | **सुखी** |
| खुश | **दुख** | खुली | **बंद** |
| गरीब | **अमीर** | प्रकाश | **अंधकार** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | – | **दिवस** | **वार** |
| गरीब | – | **दरिद्र** | **निर्धन** |
| घास | – | **तृण** | **तिनका** |
| रात | – | **रात्रि** | **निशा** |
| प्रकाश | – | **उजाला** | **ज्योति** |

**(ग) निम्नलिखित विशेषण शब्दों का विशेष्य शब्दों से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| जलता → | आइसक्रीम |
| सुंदर → | घास |
| दुःखी → | चेहरा |
| ठंडी → | दीप |
| हरी → | आदमी |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं कीजिए

**2. तुम अपनी गर्मी की छुट्टियों में किसी पर्वतीय स्थल की यात्रा करके घर लौटे हो। अपने मित्र को उस पर्वतीय स्थल के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करते हुए एक पत्र लिखो।**

**उत्तर–** बी 5/32, नई बस्ती
पटेल नगर
दिल्ली
2 जून, 20........
प्रिय राहुल
मैं आशा करता हूँ कि तुम कुशलपूर्वक होंगे और घर भी सब ठीक होंगे। इस बार गर्मियों की छुट्टियों में हम नैनीताल गए थे। वहाँ का मौसम बहुत सुहावना और मनमोहक था। वहाँ की प्राकृतिक छटा देखते ही बनती है। नैनीताल में बहुत-सी झीले हैं, इसीलिए इसे तालों का ताल अर्थात नैनीताल भी कहते हैं। वहाँ घूमने के लिए बहुत-से प्राकृतिक उद्यान, वन आदि हैं। इन सब जगहों पर घूमते-घूमते कब छुट्टियाँ बीत गईं पता ही नहीं चला। इस पत्र के साथ मैं तुम्हें नैनीताल की कुछ तस्वीरें भी भेज रहा हूँ। जिससे तुम भी वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सको।
घर में आंटी और अंकल जी को मेरा नमस्ते कहना तथा छोटी बहन को प्यार।
तुम्हारा मित्र अर्पित

# 16 आदर्श विद्यार्थी अच्छा नागरिक (रूपक)

**आओ अभ्यास करके देखें**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** लड़के ने केला खाकर छिलका सड़क पर फेंक दिया और आगे बढ़ गया।

**2.** गलियों में गंदगी हम ही लोग इधर-उधर कूड़ा-करकट आदि फेंककर फैलाते हैं।

**3.** स्कूल को हमेशा साफ रखना हमारा परम कर्त्तव्य है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** केले के छिलके पर पैर पड़ते ही फिसलने से लड़के को चोट लगी।

**2.** हमारी असावधानी के कारण किसी को गंभीर चोट लग सकती है। बस-स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि पर भी पंक्ति न लगाने से भी बड़ी दुर्घटनाएँ घटित हो सकती हैं। सार्वजनिक स्थानों पर भी बम आदि के कारण बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएँ हो जाती हैं, जिसमें कई बच्चे, बड़े कुचल जाते हैं, उन्हें गंभीर चोटें लग जाती हैं और कभी-कभी तो वो अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं।

**3.** हर मुहल्ले के लड़के, इस काम के लिए छोटी-छोटी कमेटियाँ बना सकते हैं। इनकी मदद से मुहल्ले में होली, दीपावली तथा रामलीला आदि त्योहार मनाए जाएँ और सफ़ाई इत्यादि के सार्वजनिक काम भी किए जाएँ। खेल-कूद के आयोजन भी हों।

**4. आदर्श विद्यार्थी के गुण–**

**(i)** आदर्श विद्यार्थी केवल शिक्षा ग्रहण करने पर ही ध्यान नहीं देता, बल्कि आचरण की शुद्धता पर भी ध्यान देता है।

**(ii)** वह अपने से बड़ों का आदर करता है और उनकी आज्ञा का पालन करता है।

**(iii)** आदर्श विद्यार्थी सफाई का पूरा ध्यान रखता है।

**(iv)** वह सभी कार्य उचित समय पर करता है।

**(v)** आदर्श विद्यार्थी किसी से लड़ता-झगड़ता नहीं।

**(vi)** आदर्श विद्यार्थी अनुशासनप्रिय होता है। वह हर जगह अनुशासन में रहता है।

**(ग) खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर– 1.** उसके सिर से **रक्त** बहने लगा।

**2.** छिलके सड़क के किनारे बने **कूड़ेदानों** में डालने चाहिए।

**3.** हम सरदियों में **मूँगफली** खाते हैं।

**4.** हर आदमी दूसरे को **धकेलकर** आगे बढ़ता है।

**5.** **आदर्श विद्यार्थी** किसी के साथ लड़ता-झगड़ता नहीं।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | **रात** | गहरी | **उथली** |
| सावधानी | **असावधानी** | सख्त | **मुलायम** |
| प्यार | **घृणा** | सुविधा | **असुविधा** |
| छोटा | **बड़ा** | मालिक | **नौकर** |
| मोटा | **पतला** | सफेद | **काला** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| रक्त | **खून** | **रुधिर** |
| बीमारी | **रोग** | **व्याधि** |
| लड़का | **बालक** | **पुत्र** |
| प्यार | **प्रेम** | **स्नेह** |
| स्त्री | **महिला** | **औरत** |
| गंगा | **भागीरथी** | **देवनदी** |
| सूर्य | **रवि** | **भानू** |

**(ग) पढ़िए, समझिए और करिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अधिक | – | **अधिकतर** | **अधिकांश** | **अत्यधिक** |
| रचना | – | **रचनाकार** | **संरचना** | **रचनारहित** |
| कर्त्तव्य | – | **कर्त्तव्यनिष्ठ** | **कर्त्तव्यविमूढ़** | **कर्त्तव्यता** |
| डर | – | **डरपोक** | **डरावना** | **डरना** |
| प्रसन्न | – | **प्रसन्नता** | **अप्रसन्नता** | **प्रशंसनीय** |

**(घ) पाठ में आए इन शब्दों को पढ़िए, समझिए और लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सावधान | + ई | **सावधानी** | राष्ट्र | + ईय | **राष्ट्रीय** |
| विदेश | + ई | **विदेशी** | सफल | + ता | **सफलता** |
| दौड़ | + ता | **दौड़ता** | गुण | + वान | **गुणवान** |

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों की सहायता से वाक्य प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| कर्त्तव्य | – | हमें अपना **कर्त्तव्य** पूरा करना चाहिए। |
| सिद्ध | – | वन में **सिद्ध** पुरुष रहते हैं। |
| आचरण | – | हमें सत्य **आचरण** का अनुसरण करना चाहिए। |
| अनुशासन | – | हमें अपने सभी कार्य **अनुशासन** में रहकर करने चाहिए। |
| उचित | – | हर कार्य का **उचित** समय होता है। |

*आइए कुछ करें*

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3.** स्वयं कीजिए **4.** स्वयं कीजिए

*कल्पना की दुनिया*

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

*हमने सीखा*

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

*वर्तनी-बोध*

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

## 17 पानी और धूप (कविता)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** सूरज माँ के कहने पर अपने घर का दरवाजा बंद कर लेता है।

**2.** तलवार बिजली के आँगन में चलती है।

**3.** पुलिसमैन काका को पकड़ने के लिए आते हैं।

**4.** इस कविता की कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान हैं।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** बारिश होने पर एकाएक धूप समाप्त हो जाती है।

**2.** तलवार के वार खाली जाते हैं।

**3.** बच्चा बिजली के घर जाना चाहता है, जिससे उनके बच्चों को वह तलवार चलानी सिखा दे।

**4.** जब बिजली बच्चे को एक चमकती हुई तलवार देगी तब अत्याचार समाप्त होंगे।

**5.** माँ बच्चे को समझाती है कि अब तुम्हारे काका जेल नहीं जाएँगे। मैं तुम्हें नई तलवार मँगवा दूँगी। लेकिन तुम अब कभी बिजली के घर जाने की बात मत कहना।

**(ग) निम्नलिखित पद्यांशों का भाव स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर–** **भावार्थ–**

**1.** बच्चा अपनी माँ से कहता है कि माँ, बिजली के आँगन में कितनी चमकती हुई तलवारें चलती हैं, फिर भी उनका वार खाली क्यों चला जाता है।

**2.** माँ बच्चे को समझाते हुए कहती है कि अब तुम्हारे काका कभी भी जेल नहीं जाएँगे। अब मैं तुम्हें नई तलवार भी मँगवा दूँगी, लेकिन तुम फिर कभी बिजली के घर जाने की बात मत कहना।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** सूरज **सूर्य, दिनकर** तलवार **खड्ग, कृपाण**
बादल **मेघ, जलद** अम्मा **माँ, माता**
बच्चा **शिशु, बालक** डर **भय, खौफ**

**(ख) निम्नलिखित शब्दों का उदाहरण के अनुसार वर्ण विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–** शैतानी – **श् + ऐ + त् + आ + न् + ई**
दरवाज़ा – **द् + अ + र् + अ + व् + आ + ज् + आ**
आसमान – **आ + स् + अ + म् + आ + न् + अ**
अत्याचार – **अ + त् + य् + आ + च् + आ + र् + अ**

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** धूप **छाँव** ज़मीन **आसमान**
बंद **खुला** खुश **दुख**

**(घ) निम्न शब्दों के बहुवचन शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** दरवाजा – **दरवाजे** बिजली – **बिजलियाँ**
शैतानी – **शैतानियाँ** जेलखाना – **जेलखानों**
तलवार – **तलवारें** बादल – **बादलों**

*आइए कुछ करें*

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए
**3.** स्वयं कीजिए **4.** स्वयं कीजिए

*कल्पना की दुनिया*

**दी गई कविता की पंक्तियों को अपनी कल्पना से आगे बढ़ाओ–**

**उत्तर–** फूल हमें सिखाते हँसना।
नदी सिखाती आग बढ़ना।
सूरज सिखाता अँधेरा हरना।।
पक्षी सिखाते सदा चहचहाना।
कोयल सिखाती मीठा गाना।
चींटी सिखाती परिश्रम करना।

*हमने सीखा*

पढ़िए और समझिए

# 18 शरारत के दुष्परिणाम (नाटक)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** हिमांशु को खेलकूद और शरारत करना पसंद है।

**2.** तीन टाँगों वाली कुर्सी सिद्धांत लाता है।

**3.** मास्टर जी कक्षा में आते ही बच्चों से पूछते हैं कि आज कौन-सा वार है।

**4.** अध्यक्ष की कुर्सी हिमांशु सँभालता है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** हिमांशु टूटी हुई कुर्सी पर मास्टर जी को बैठाने का प्रयास करता है।

**2.** मास्टर जी बाल-सभा का अध्यक्ष हिमांशु वर्मा को चुनते हैं।

**3.** हिमांशु स्वयं टूटी कुर्सी पर बैठकर धड़ाम से गिर जाता है, जिससे उसे चोट लग जाती है। अतः इस प्रकार उसे अपनी शरारत का फल मिल जाता है।

**4.** चिंटू राशन-कार्ड और सच का ठाठ कविता सुनाता है।

**(ग) सही विकल्प के सामने (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर– 1.** हिमांशु **2.** चिंटू

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** पसंद | **नापसंद** | अच्छा | **बुरा** | इधर | **उधर** |
| शोर | **शांत** | सहमत | **असहमत** | उजियाला | **अँधियारा** |

**(ख) निम्नलिखित दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** शिक्षक | **गुरु** | **अध्यापक** | लड़का | **बच्चा** | **बालक** |
| शांत | **मौन** | **चुप** | दिन | **दिवस** | **वार** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** ओर | **दिशा, तरफ** | धुन | **मस्ती** | धूल | **मिट्टी** |
| और | **तथा** | दिन | **दिवस** | अजर | **अमर** |
| अधर | **नीचे का ओष्ठ** | दीन | **गरीब** | | |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** बालक | **बालिका** | भाई | **बहन** | शिक्षक | **शिक्षिका** |
| अध्यक्ष | **अध्यक्षा** | लड़का | **लड़की** | बंदर | **बंदरिया** |

*आइए कुछ करें*

**उत्तर–** **1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए

**4.** स्वयं कीजिए

**5. 'शरारत करना बुरी बात है।' –इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखो।**

**उत्तर– 'शरारत करना बुरी बात है।'**

हमने अक्सर सुना है और कहा भी है कि शरारत करना बुरी बात है तथा यह सत्य भी है, क्योंकि कभी-कभी शरारत करना हानिकारक भी सिद्ध होता है। हमारे द्वारा की गई शरारत से किसी को भी नुकसान पहुँच सकता है। कभी-कभी यह नुकसान बहुत बड़ा हो जाता है और कभी ऐसा भी होता है कि शरारत करने से शरारत करने वाला भी अपना अहित कर बैठता है। शरारती बच्चों-बड़ों से सभी को डर लगता है कि कहीं अब कोई नई शरारत न कर दे तथा उन्हें कोई भी व्यक्ति पसंद नहीं करता और न ही कोई उन्हें अपने घर बुलाता है। ऐसा नहीं है कि आप शरारत बिलकुल ही न करें। हमें शरारत ऐसी करनी चाहिए, जिससे अपना या किसी दूसरे का कोई नुकसान न हो। जब शरारतें ज्यादा बढ़ जाती हैं तब यह दूसरों को परेशान करने की आदत बन जाती है जो उसके भविष्य को अंधकारमय बना देती हैं। अतः शरारतें तो करो मगर सोच-समझकर करो।

**6.** स्वयं कीजिए

*कल्पना की दुनिया*

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

*हमने सीखा*

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

*वर्तनी-बोध*

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए

# 19 अर्जुन का अभ्यास (किस्सा)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** पांडवों और कौरवों के गुरु द्रोण थे।

**2.** अर्जुन ने गुरु के चरणों में गुरू को प्रणाम करने के लिए बाण छोड़ा।

3. भोजन करते समय दीपक बुझने के कारण अँधेरा हो गया।

**(ख) सही विकल्प के सामने (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** **1.** अर्जुन **2.** द्रोणाचार्य **3.** चरणों में
**4.** अभ्यास द्वारा **5.** ध्वनि

**(ग) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** अर्जुन नाम का एक **राजकुमार** था।
**2.** कौरव और पांडव **गुरू द्रोण** से शिक्षा प्राप्त करते थे।
**3.** एक दिन तुम्हारा बहुत **नाम** होगा।
**4.** धनुष–बाण चलाने में अर्जुन सबसे **आगे** था।
**5.** अचानक चारों कोनों पर जलते **दीपक** बुझ गए।
**6.** ध्वनि तुम्हारी **सहायक** होगी।

**(घ) किसने किससे कहा**

**उत्तर–** **1.** ''इसी तरह अभ्यास करते रहे तो तुम्हारा बहुत नाम होगा।'' **गुरु द्रोणाचार्य ने अर्जुन से**
**2.** ''ऐसा संभव नहीं।'' **अर्जुन ने गुरु द्रोणाचार्य से**
**3.** ''तुम्हार भोजन तुम्हारे मुँह में ही जा रहा है ना!'' **गुरु द्रोणाचार्य ने भीम से**
**4.** ''गुरुदेव! अभ्यास से।'' **अर्जुन ने गुरु देव से**

**(ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** अर्जुन को अभ्यास करते देख गुरु द्रोणा ने उसकी प्रशंसा की।
**2.** गुरु ने अर्जुन को आवाज सुनकर अँधेरे में बाण चलाने की बात कही।
**3.** गुरु ने भोजन करते अर्जुन से पूछा कि अर्जुन, अँधेरा हो गया है। क्या तुम अपना भोजन सीधे मुँह तक ही ले जा रहे हो? इधर-उधर तो नहीं?
**4.** गुरु द्रोण ने अर्जुन को सफल होने का एक मात्र उपाय निरंतर अभ्यास बताया।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षा | **ज्ञान** | **सीख** |
| नमस्ते | **नमः** | **प्रणाम** |
| अचंभा | **आश्चर्य** | **अनोखा** |
| दीया | **दीपक** | **चिराग** |
| स्वर | **आवाज** | **धवनि** |

| | | |
|---|---|---|
| गुरु | **शिक्षक** | **अध्यापक** |
| अधंकार | **अँधेरा** | **तिमिर** |
| अभ्यास | **प्रयास** | **कोशिश** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंधकार | **प्रकाश** | संभव | **असंभव** |
| प्रश्न | **उत्तर** | गलत | **सही** |
| रात्रि | **प्रातः** | सीधा | **उल्टा** |
| दिन | **रात** | महल | **झोपड़ी** |
| प्रसिद्ध | **अप्रसिद्ध** | वीर | **कायर** |
| भय | **अभय** | उत्तर | **प्रश्न** |

**(ग) ऊँचे स्वर में पढ़िए और लिखिए–**

**उत्तर–** स्वयं करें।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राजा | – | **रानी** | गुरु | – | **गुरुमाता** |
| राजकुमारी | – | **राजकुमार** | नौकर | – | **नौकरानी** |
| भाई | – | **बहन** | इंद्र | – | **इंद्राणी** |
| पुत्र | – | **पुत्री** | देवर | – | **देवरानी** |
| चाचा | – | **चाची** | पिता | – | **माता** |
| अध्यापक | – | **अध्यापिका** | पति | – | **पत्नी** |

**(ङ) निम्न शब्दों को अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| वीरता | भारतीय सिपाहियों ने **वीरता** का प्रदर्शन किया। |
| महिमा | ईश्वर की **महिमा** को कौन जान सकता है? |
| अपमान | बड़ों का **अपमान** ईश्वर का अपमान है। |
| घमंड | **घमंड** मानव की बुद्धि नष्ट करता है। |
| वरदान | कैकेयी ने राजा दशरथ से दो **वरदान** माँगे थे। |
| विजेता | सचिन तेंदुलकर क्रिकेट **विजेता** है। |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं करके देखें।

**2. पाँचों पांडवों के नाम लिखिकर प्रत्येक की विशेषता बताइए–**

**उत्तर–**

| | **पांडवों के नाम** | **विशेषता** |
|---|---|---|
| **1.** | युद्धिष्ठिर | भाला चलाने में निपुर्ण थे। |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | भीम | गदा युद्ध में निपुर्ण थे। |
| 3. | अर्जुन | धनुष बाण चलाने में निपुर्ण। |
| 4. | नकुल | धर्म, नीति और चिकित्सा शास्त्र में निपुर्ण। |
| 5. | सहदेव | पशुपालन शास्त्र चिकित्सा में निपुर्ण तथा त्रिकालदर्शी थे। |

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं करें

***हमने सीखा***

**उत्तर–** सीखिए और समझिए।

## 20 हरियाली (लेख)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** प्रकृति का सच्चा रूप वनों में देखने को मिलता है।

**2.** वन और उद्यान में वनों की सुंदरता अधिक है क्योंकि कहीं झर-झर करते झरने, तो कहीं कल-कल करके बहती नदी। लंबे और घने फल-फूलों से लदे वृक्ष, आस-पास विचरते वन के पशु देखने को मिलते हैं जो उद्यान में नहीं।

**3.** आज भी हम पर्यटन के बहाने प्रकृति की गोद में चले जाते हैं।

**4.** खैर के पेड़ से पान में खाने का कत्था मिलता है।

**5.** वनों का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जंगलों की कमी से वर्षा कम होती है। वर्षा की कमी से खेती व पशु नष्ट हो जाते हैं। जलवायु को ठीक रखने के लिए वन संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

**6.** वनों से हमें बहुमूल्य लकड़ियाँ और अनेक उपयोगी पदार्थ मिलते हैं। सागोन, शीशम से इमारती लकड़ी, खैर के पेड़ से पान में खाने का कत्था मिलता है। बाँस से कागज तैयार होता है। मध्य प्रदेश में बाँस से अखबार का कागज तैयार किया जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रकृति का बनाया हुआ एक भी पेड़ या पौधा अनुपयोगी नहीं है। जंगल में उगने वाली वनस्पतियाँ, दवाइयाँ बनाने के काम आती हैं। यहाँ तक कि व्यर्थ दिखाई पड़ने वाली घास-फूस भी पशुओं के चारे के काम में आती है।

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** हम अपने चारों ओर **हरियाली** देखते हैं।
**2.** **प्रकृति** का सच्चा रूप देखने के लिए वनों में जाइए।
**3.** **वनों** से हमें अनेक उपयोगी पदार्थ मिलते हैं।
**4.** सरकार प्रतिवर्ष **वन महोत्सव** मनाती है।
**5.** वन हमारे राष्ट्र की **संपदा** हैं।

**(ग) सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत वाक्य के सामने ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर– 1.✓ 2.✓ 3.✗ 4.✗ 5.✓**

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** प्रकृति = **प्रकृति** की गोद में शान्ति और सुरक्षा का अहसास होता है।
**2.** वनस्पति = जंगल में बहुमूल्य **वनस्पतियाँ** उगती हैं।
**3.** आश्रम = वन में ऋषि का **आश्रम** है।
**4.** राष्ट्र = हमारे **राष्ट्र** की संपदा वन हैं।
**5.** संरक्षण = वन **संरक्षण** के लिए ही वन महोत्सव मनाया जाता है।

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** हरियाली – **सूखा ( अकाल )** **2.** व्यर्थ – **आवश्यक**
**3.** वृद्धि – **ह्रास** **4.** घनिष्ठ – **दूरस्थ**

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं करें

***आइए कुछ करें***

**उत्तर–** स्वयं करें

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए।

# 21 हमारे राष्ट्रीय प्रतीक (लेख)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** हमारे राष्ट्रीय प्रतीक राष्ट्र ध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राष्ट्रमुद्रा, राष्ट्रीय

पुष्प, राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पक्षी आदि हैं।

**2.** हमारे राष्ट्रीय ध्वज को विभिन्न प्रकार के ध्वजों के विकास के क्रम के पश्चात अपनाया गया हैं।

**3.** हमारे राष्ट्रगान की रचना भारत के प्रसिद्ध कवि एवं विद्वान गुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने दिसंबर, 1911 में की थी!

**4.** कमल निर्मलता और पवित्रता का प्रतीक है।

**(ख) सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाओ–**

**उत्तर– 1.✓ 2.✗ 3.✗ 4.✓**

**(ग) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो–**

**उत्तर– 1.** हरा रंग हमें **खुशहाली** का संदेश देता है।

2. सिंह हमें **साहस** और **उत्साह** की प्रेरणा देते हें।

3. मोर अपनी **सुंदरता** के लिए प्रसिद्ध है।

4. राष्ट्रगान के समय सावधान की **मुद्रा** में खड़े होना चाहिए।

5. बाघ हमारा राष्ट्रीय **पशु** है।

**(ग) सही विकल्प के सामने (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर– 1.** ये सभी **2.** आनंदमठ **3.** 24

**4.** सभी

***भाषा-बोध***

**(क) नीचे लिखे वाक्यों में से वे शब्द अलग करके लिखो जो रंगीन शब्दों की विशेषता बतलाते हैं–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | रवींद्रनाथ टैगोर एक प्रसिद्ध कवि थे | **प्रसिद्ध** |
| **2.** | कमल हमारा राष्ट्रीय पुष्प है | **राष्ट्रीय** |
| **3.** | हमारे ध्वज में तीन रंग हैं। | **तीन** |
| **4.** | लाल किले पर तिरंगा झंडा लहराता है। | **तिरंगा** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कवि | – | **कवियों** | बैल | – | **बैलों** |
| पक्षी | – | **पक्षियों** | राष्ट्र | – | **राष्ट्रों** |
| चित्र | – | **चित्रों** | झंडा | – | **झंडों** |
| पशु | – | **पशुओं** | मुहर | – | **मुहरों** |

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ अक्षरजाल में खोजो–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चि | खं | मा | य | व |
| ह् | बा | भा | ल | श |
| न | दे | फू | र | न |
| प | श | हि | म्म | त |
| च | छ | द | ह | प |



***आइए कुछ करें***

**उत्तर–** स्वयं करें

- **क्या कहते हैं?**

**उत्तर–** स्वयं करें

- **आस-पास**

**उत्तर–** स्वयं करें


- **यह भी करो**

**नीचे कुछ देशों के झंडे दिए गए हैं, उनके नीचे उस देश का नाम लिखो–**


**उत्तर–**




क्यूबा



बांग्लादेश



आस्ट्रेलिया



श्रीलंका




कनाडा




चीन




कोलम्बिया



फ्राँस




भारत




नेपाल




नीदरलैंड




न्यूजीलैंड



साउथ अफ्रीका



तुर्की



स्पेन

***कल्पना की दुनिया***

**उत्तर–** स्वयं करें

***हमने सीखा***

**उत्तर–** पढ़िए और समझिए।